Title: Need to provide financial assistance to State Government of Uttar Pradesh to solve acute drinking water problem in eastern part of the State. - Laid

श्री शैलेन्द्र कुमार (चैल): सभापति जी, उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल जनपदों कौशम्बी, इलाहाबाद एवं फतेहपुर में पेयजल का घोर संकट व्याप्त है, जिसके कारण उक्त जनपदों में हाहाकार मचा हुआ है। कुओं का जलस्तर नीचे जाने से कूप सूख गये हैं। नलकूप एवं हैंडपम्प पानी छोड़ रहे हैं। पानी गन्दा (कीचड़ युक्त) होने से हैजा फैलने का डर है ।

अतः केन्द्र सरकार उक्त जनपदों में पेयजल संकट से निपटने के लिए राज्य सरकार को समुचित धन की व्यवस्था करने की कृपा करें क्यों कि यह अत्यन्त लोक महत्व का प्रश्न है ।